दिनांक:-……………….. पत्रांक संख्या:-……………………

सेवा मे,

जिला उद्यान अधिकारी
जिला पिथौरागढ़
द्वारा सचल दल केंद्र ……………..
उत्तराखंड

विषय: "पंचाचूली कृषक उत्पादक संगठन, पिथौरागढ़ के किसानो को भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित "हार्टिकल्चर मिशन फार नार्थईस्ट एंड हिमालयन स्टेट्स (एच० एम० एन० इ० एच०)" एवं अन्य विभागीय योजनाओं में सम्मिलित कर सहायता प्रदान करने के संबंध में।

महोदय,

आपके संज्ञान में लाना है कि डीडीहाट ब्लॉक के अंतर्गत 13 ग्रामों के कृषक (कांडे, जाख द्योलेत, ओगला, बाकू, कौली कन्याल, ननकुड़ी, लीमाभाट, नाखुली, मात, किमखेत, स्युरा, नाखेत, पाली) आपके विभाग दवारा संचालित भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित "हार्टिकल्चर मिशन फार नार्थईस्ट एंड हिमालयन स्टेट्स (एच० एम० एन० इ० एच०)" एवं राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित अन्य विभागीय योजनाओं के लाभार्थी बनना चाहते हैं।

हमारे द्वारा विभागीय योजनाओं के लाभार्थी इच्छुक कृषको के दस्तावेज एकत्रित किये गए हैं साथ ही एक लिस्ट भी संलग्न की जा रही है जिसमे कृषकों के नाम, भूमि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर एकत्र किये गए हैं जो की इस पत्र के साथ संगलग्नित हैं।

आपसे अनुरोध है की सभी किसानो को **"हार्टिकल्चर मिशन फार नार्थईस्ट एंड हिमालयन स्टेट्स (एच० एम० एन० इ० एच०)"** एवं अन्य विभागीय योजनाओं में सम्मिलित कर सहायता प्रदान करने एवं किसानों द्वारा क्षेत्र विस्तारण करने हेतु फल, सब्जी, मसाले एवं फूलों के उत्पादन के लिए **(एच० एम० एन० इ० एच०)"** की कार्य योजना वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में सभी इच्छुक किसानो को सम्मिलित करने की कृपा करे तथा बजट का प्रावधान करने की कृपा करें।

इस पत्र की साथ प्रस्तावित वार्षिक बजट एवं साथ ही पूर्व निदेशक उद्यान के समर्थन पत्र एवं वर्तमान निदेशक डॉ. हरमिंदर सिंह बवेजा जी का पत्र भी संगलग्नित कर रहें हैं, अतः इस सम्बन्ध में हम बजट सहित अपनी कार्य योजना, ग्राम सभा वार इच्छुक किसानों की सूची आपके कार्यालय में जमा करवा रहे हैं, आपसे पुनः अनुरोध है प्रस्तुत कार्य योजना को वित्त वर्ष २०२२-२३ के लिए जिले कि कार्य योजना में सम्मिलित करने की कृपा करें। आपकी महती कृपा होगी।

धन्यवाद।

भवदीय
कृषक प्रतिनिधि
डॉ. विवेक जोशी
कृषक संगठन की मोहर

ग्राम प्रधान की मोहर

प्रतिलिपि

निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्तराखंड, देहरादून